यूटीयू में चलेंगे हेल्थ व वेलनेस के कोर्स : सुबोध उनियाल

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में हेल्थ और वेलनेस से जुड़े कोर्स भी कराए जाएंगे, ताकि इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकें। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को विवि के 18वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान विवि के प्रशासन को इस संबंध में निर्देशित किया। मंत्री ने ये भी कहा कि विवि से संबद्ध महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यूआइटी) देहरादून, आइटी गोपेश्वर, आइटी टनकपुर, एसआइटी पिथौरागढ़, टीएचडीसी टिहरी और उत्तरकाशी में विवि का कैंपस बनाया जाएगा।

सुद्धोवाला स्थित वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि परिसर में टी-55 अर्जुन टैंक का अनावरण करते तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक सहदेव पुंडीर • जागरण

मिलेट्री स्टडीज एंड डिफेंस कोर्स शुरू कर रहा विवि : कुलपति

देहरादून : विवि के 18वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि ने आर्मी डिजाइन ब्यूरो के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के बाद यूटीयू रक्षा क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करने वाले संस्थानों में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि विवि में स्थापित टह-55 युद्धक टैंक जो कि रूस में निर्मित है इस टैंक की शौर्य गाथा की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी जाएगी। इस टैंक ने 1971 भारत-पाकिस्तान के मध्य हुए युद्ध में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान आइएमए के कमांडेंट लेफ्टीनेंट जनरल वीके मिश्रा के साथ हुए एमओयू के तहत विवि आइएमए के जैंटलमैन कैडेट्स को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मिलिट्री स्टडीज एंड डिफेंस मैनजमेंट में अवार्ड दिया जाएगा। विदित रहे कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल क्षेत्र हैं यहां से हजारों सैनिक सेना में सेवाएं दे रहे हैं। इस द्रष्टि से विवि के सेना से जुडे कोर्स बेहद उपयोगी साबित होंगे।

तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने झाजरा स्थित वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि परिसर में वीर माधो सिंह भंडारी की प्रतिमा और टी-55 युद्धक टैंक का भी अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अभी ये इंजीनियरिंग सरकारी कालेज विवि से मान्यता प्राप्त हैं। ऐसे में इन सभी की बीओजी यानी बोर्ड आफ गवर्नेंस एक ही करने के निर्देश दिए। समारोह के दौरान इंडियन मिलेट्री एकेडमी (आइएमए) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत आइएमए के सभी कैडिटों को मिलिट्री स्टडीज व डिफेंस मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा दिया जाएगा। जिनमें मित्र राष्ट्र के कैडेट भी शामिल होंगे। समारोह के दौरान विवि छात्रों को साइबर सिक्योरिटी में दक्ष बनाने के लिए सीएमएआइ एसोसिएशन आफ इंडिया और केवीएस काशीपुर के साथ भी एमओयू हुआ। जिसके तहत हर साल दो मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल और हर माह ढ़ाई हजार की स्कालरशिप केवीएस प्रीमियर फाउंडेशन स्कालरशिप के नाम से दी जाएगी।

स्थापना दिवस समारोह के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने देश के विभिन्न आइआइटी, एनआइटी और आइआइएम में पढ़ रहे 251 छात्रों को सम्मानित भी किया गया। उन्हें राज्य सरकार की योजना के तहत 50-50 हजार की सहायता राशि भी दी गई। कार्यक्रम में विवि के कई पूर्व कुलपति डा. पीपी ध्यानी, डा. यूएस रावत को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान तकनीकी शिक्षा सचिव रविनाथ रमन, दून विवि की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।